an>

Title: Issue regarding problems faced by police personnel in Uttar Pradesh.

**श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) :** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। देश में खासकर उत्तर प्रदेश में पुलिस कर्मचारी रोजाना 24 घंटे तैनात रहते हैं जिसके कारण उनको कई बीमारियां हो रही हैं। जब इन कर्मचारियों को छुट्टी चाहिए होती है तो ये बड़े अधिकारी के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन अधिकारी इनकी छुट्टी मंजूर नहीं करते। साथ ही ये जवान होली, दीपावली जैसे त्योहारों में भी शामिल नहीं हो पाते। इस कारण ये अपने पारिवारिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पाते। जब इन पुलिस जवानों के वेतन-भत्तों की बात की जाती है तो देखा जाता है कि उत्तर प्रदेश के जवानों को अन्य प्रदेशों के पुलिस कर्मियों से कम वेतन मिल रहा है जिससे ये अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे हैं। इसके साथ ही इन्हें आवास, बच्चों की शिक्षा सहित अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस कर्मचारियों को अपने जिले और सीमावर्ती जिले में तैनाती पर रोक लगा रखी है जबकि ऐसा अन्य प्रदेशों में नहीं है। अत: मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से परामर्श कर उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों की समस्या का निदान करे और इन पुलिस कर्मियों की तैनाती उनके जिले एवं समीपवर्ती जिलों में कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे ये अपने परिवार की देख-रेख कर सकें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Rekha Verma.